# इंडिया स्किल्स एक्सेलेरेटर

**[स्रोत: पी.आई.बी]**

**कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE)** ने [विश्व आर्थिक मंच (WEF)] के सहयोग से "**इंडिया स्किल्स एक्सेलेरेटर (ISA)" पहल** का शुभारंभ किया।

- ISA एक राष्ट्रीय सार्वजनिक-निजी सहयोग मंच है जिसका उद्देश्य भारत के कौशल पारिस्थितिकी तंत्र में जटिल चुनौतियों का समाधान करने के लिये **अंतर-क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है, जिसमें नवाचार, ज्ञान साझाकरण और नीति सुधार** पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- **यह भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का समर्थन करती है तथा इसका उद्देश्य भारत को विश्व की कौशल राजधानी बनाना है।**
- 65% संगठनों ने कौशल अंतराल को एक प्रमुख बाधा बताया है, इस पहल का उद्देश्य समावेशी अपस्किलिंग, रीस्किलिंग और शिक्षा को उद्योग की ज़रूरतों के साथ संरेखित करके इन अंतरालों को कम करना है।
- **वैश्विक संरेखण:** इस पहल में वैश्विक रोज़गार बाज़ार में प्रतिस्पर्द्धात्मकता बनाए रखने के लिये विश्व आर्थिक मंच की**'भविष्य की नौकरियों की 2025 रिपोर्ट'** से प्राप्त अंतर्दृष्टि के साथ संरेखित करने पर भी विचार किया गया है।

**और पढ़ें: [भविष्य की नौकरियों की रिपोर्ट 2025]**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-skills-accelerator